Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 28 October 2018
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-10 Issue - 21

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**News of the Week** रेलवे कर्मचारी निजी अस्पतालों में अब मुफ्त फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल व स्पीच थैरेपी की सुविधा ले सकेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड अध्यक्ष ने सभी जोनल रेलवे को निर्देश जारी कर दिए है। इससे 25 लाख परिवार को फायदा होगा।

**Inside Ghaziabad**

**पेज नंबर 2** आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में...

**पेज नंबर 5** **3 month old Uzbek baby undergoes liver...**

# स्वच्छता में नहीं प्रदूषण में नंबर–वन बन रहा जिला

## 29 अक्टूबर को देशभर में सबसे ज्यादा प्रदूषण गाजियाबाद में किया गया दर्ज

गाजियाबाद : स्वच्छता में गाजियाबाद नंबर वन भले ही न बन पाया हो लेकिन प्रदूषण में पूरे देश में गाजियाबाद नंबर–वन जरूर बन जाएगा। प्रदूषण में जहां कानपुर नंबर–वन बन गया वहीं गाजियाबाद दूसरे नंबर पर है। कई दिनों से हवा में प्रदूषण की मात्रा गंभीर स्थिति में बनी हुई है। 29 अक्टूबर को देश में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण गाजियाबाद में दर्ज किया गया, जिससे साफ हो गया कि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण से बचाव हेतु किए जा रहे प्रयास नाकाफी है। यदि प्रदूषण पर जल्द ही नियंत्रण नहीं किया गया तो दीवाली पर स्थिति और भी विकट हो सकती है। प्रदूषण से निजात के लिए डीएम ने दस नवंबर तक



जनपद में चल रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। ये आदेश सिर्फ फाइलों तक ही सीमित है कार्रवाई कुछ नहीं हो रही। इंदिरापुरम व वसुंधरा, वैशाली में बिल्डर व लोग बेहिचक निर्माण करा रहे है। जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि रोकथाम के लिए जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है। मजिस्ट्रेट की निगरानी में गठित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) टीम छापेमारी कर रही है। उधर, पराली जलाने पर एनजीटी की रोक है, लेकिन इससे बेखबर मसूरी गंगनहर के पास (बांके बिहारी डेंटल कालेज के सामने) खेत में पराली जलती रही। जिस खेत में पराली जलाई जा रही थी, वह मसूरी थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर है और खेत के किनारे से दिनभर लाखों लोग गुजरते हैं। क्योंकि एनएच–24 के बराबर में ही खेत है। गाजियाबाद में साढ़े आठ लाख दो पहिया, चार पहिया व व्यावसायिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें से करीब 70 फीसदी वाहन हर रोज सड़कों पर निकलते हैं, जिनका आंकड़ा छह लाख के आसपास है। दिल्ली को जाने व आने वाले वाहनों की संख्या प्रतिदिन 14 लाख के आसपास है। शहर में प्रदूषण बढ़ने की एक वजह वाहनों का धुआं भी है।

संबंधित खबरें पेज 8 पर

## TIRUPATI EYE

### ट्रैफिक इंस्पेक्टर रमेश बने डीएसपी

गाजियाबाद : गाजियाबाद जिले में यातायात निरीक्षक पद पर तैनात रमेश तिवारी डीएसपी पद पर प्रोन्नत हुए हैं। लखनऊ से जारी हुई सूची में उन्हें पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नत किया गया। रमेश तिवारी 9 नवंबर 2016 से ट्रैफिक इंस्पेक्टर के रूप में गाजियाबाद जिले में तैनात रहे हैं। मंगलवार को लखनऊ से जारी हुई लिस्ट में प्रदेश के 37 इंस्पेक्टर पद पर तैनात पुलिसकर्मी प्रोन्नत हुए। जिसमें से गाजियाबाद जिले में तैनात ट्रैफिक इंस्पेक्टर रमेश तिवारी भी शामिल हैं।

### ग्राम विकास अधिकारी को जारी किया नोटिस

गाजियाबाद : ग्राम विकास अधिकारी के लिए जिले में हुए 19 लोगों के चयन में एक ग्राम विकास अधिकारी ने अभी तक ड्यूटी ज्वाइन नहीं की। जिस पर डीडीओ भाल चंद्र त्रिपाठी ने उन्हें नोटिस जारी किया है। डीडीओ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य संचालन के लिए ग्राम विकास विकास अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। जिसमें 18 ने तो ज्वाइन कर लिया लेकिन एक अधिकारी ने ज्वाइन नहीं किया।

### आगरा भर्ती घोटाले में हुई सुनवाई

गाजियाबाद : आगरा के सेना भर्ती घोटाले में मंगलवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश राजेंद्र प्रसाद की अदालत में सुनवाई हुई। आरोपित तत्कालीन ब्रिगेडियर जगजीत सिंह व अन्य पेश हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन पक्ष की बहस सुनी। इसके बाद अगली तारीख नियत की।

## सिटी फॉरेस्ट में अब एक ही टिकट से मिलेगी सभी सुविधाएं

गाजियाबाद : करहैड़ा राजनगर एक्सटेंशन स्थित सिटी फॉरेस्ट में अब एक ही टिकट पर घूमने के साथ ही वोटिंग व अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। लोगों को अलग–अलग टिकट नहीं खरीदने पड़ेगे। इससे जहां लाइन में लगने से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी वहीं अन्य सुविधाओं के लिए अलग–अलग टिकट नहीं खरीदने पड़ेगा। प्राधिकरण ने इस योजना का खाका खींचना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सिटी फॉरेस्ट में एक ही स्थान पर लोगों को पार्क से जुड़ी हर जानकारी मुहैया कराने के लिए डिजिटल इंफोर्मेशन सेंटर विकसित करने पर भी काम किया जा रहा है। लोग अपनी शिकायतों को भी दर्ज करा सकेंगे। सेंटर के दिसंबर माह तक शुरू होने की संभावना है। डिजिटल सेंटर मुख्य द्वार पर ही बनेगा। डिजिटल सेंटर विकसित होने से पार्क के सभी वॉकिंग ट्रेक, साइकिलिंग ट्रेक, सभी पॉकेट्स में विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों, छोटे बड़े झूल, किड्स जोन, एक्टिविटी एरिया और हर बुनियादी जानकारी मिल सकेगी। बता दें कि 150 एकड़ में बने सिटी फॉरेस्ट में एक दर्जन से अधिक पॉकेट बने हुए है। इन पॉकेट में विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराई गई है। प्रवेश के लिए जीडीए की ओर पांच रुपये प्रति व्यक्ति फीस निर्धारित है। बोटिंग सहित अन्य सुविधाओं की लोगों को अलग से फीस लेनी होती है।

## Appoint SP-rank officer to regulate Gzb traffic: Allahabad High Court

**ALLAHABAD**: The Allahabad high court on Friday directed Ghaziabad SSP Vaibhav Krishna to properly regulate traffic system in the city. The court further directed the SSP to set up a committee under an officer, not below the rank of an SP, to supervise the traffic system of the city. Hearing a petition filed by the Federation of Apartment Owners Association, Indirapuram, a division bench of acting Chief Justice Govind Mathur and Justice CD Singh directed the SSP to submit a report on traffic regulations by November 14, the next date of hearing. The court also directed the Ghaziabad Development Authority (GDA) and others to file their replies (counter affidavits) in response to the contention raised in the PIL, which alleged that commercial shops and complexes are being run in residential areas of Indirapuram. The PIL has sought seizure of all commercial shops and complexes which are being run in Indirapuram. Krishna said a team would be constituted to study the traffic problem in a manner prescribed by the court. "In coordination with the GDA, we will ensure smooth vehicular movement.

# आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जाने कौन होंगे पात्र

दिल्ली : आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की सूची में सिर्फ कैबिनेट मंत्री, विधायक, बिल्डर, जमींदार, ठेकेदार ही अपात्र नहीं हैं, बड़ी संख्या में वे लोग भी हैं जो अपात्र हैं, लेकिन उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर किसी के पास फ्रिज, बाइक है तो भी वह अपात्र है और योजना के लाभार्थियों की श्रेणी में नहीं आएगा। तीन या इससे अधिक पक्के कमरों वाले मकान का स्वामी भी लाभ का हकदार नहीं है। इस संबंध में नेशनल हेल्थ एजेंसी (एनएचए) की ओर से




पत्र भेजा जा चुका है। इसमें 16 बिंदु दिए गए हैं जिनके दायरे में आने वालों को पात्रता से बाहर करने के लिए कहा गया है। ऐसे लोगों को ढूंढकर सूची से हटाने में प्रशासन को पसीना छूट रहा है। नेशनल हेल्थ एजेंसी के कार्यकारी अधिकारी डॉ. इंदू भूषण की ओर से 30 अगस्त को ही पात्रता दायरे में न आने वालों की पहचान के लिए प्रावधान बता दिए गए थे। ऐसे लोगों को आयुष्मान भारत की सूची से बाहर करने के लिए कहा गया था, लेकिन अभी तक इस संबंध में कुछ नहीं किया गया। पात्रता दायरे से बाहर होने वाले लोगों का नाम अभी पात्रता सूची में हैं। अगर वह इलाज कराने के लिए आते हैं तो उनका अस्पतालों को इलाज करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग अभी पुरानी सूची के लोगों को प्रधानमंत्री के पत्र (गोल्डन कार्ड) बांटने में लगा हुआ है।

## ये पात्रता के दायरे से बाहर

जिसके पास टू, थ्री या फोर व्हीलर वाहन हो, फिशिंग बोट हो, तीन–चार पहियों का कृषि उपकरण हो, 50 हजार से अधिक लिमिट का किसान क्रेडिट कार्ड हो, घर का सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, गैर कृषि इंटरप्राइज सरकार में रजिस्टर्ड हो, घर का कोई सदस्य 10 हजार रुपये महीना से अधिक कमाई कर रहा हो, आयकर दाता हो, पेशागत कर देता हो, तीन कमरों या इससे अधिक का पक्का मकान हो, फ्रिज हो, लैंडलाइन फोन हो, ढाई एकड़ सिंचित भूमि हो और एक सिंचाई का उपकरण हो, पांच एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो और दो या इससे अधिक फसल उगाता हो, साढ़े सात एकड़ भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई का उपकरण हो।

# डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म के लिये एसबीआई ने हिताची पेमेंट्स से किया करार

मुंबई : देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भुगतान समाधान प्रदाता हिताची पेमेंट सर्विसेज इंडिया ने कार्ड स्वीकार करने वाले तथा डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म बनाने के लिए संयुक्त उपक्रम गठित करने को लेकर सोमवार को समझौता किया। बैंक ने जारी बयान में कहा कि प्रस्तावित संयुक्त उपक्रम में एसबीआई की बहुलांश हिस्सेदारी रहेगी। हालांकि उसने हिस्सेदारी के बारे में खास जानकारी नहीं दी। बयान में कहा गया कि प्रस्तावित उपक्रम उपभोक्ताओं एवं व्यापारियों को विभिन्न भुगतान विकल्प मुहैया कराएगा जो राष्ट्रव्यापी कार्ड स्वीकार करने वाली संरचना की




शुरुआत, त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड स्वीकार्यता, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), ई–कॉमर्स कारोबार आदि पर केंद्रित होगा। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा, "प्रति 10 लाख लोगों पर 2,500 'पाइंट ऑफ सेल' के हिसाब से भुगतान स्वीकार करने वाली संरचना अब भी काफी निम्न है। इस संयुक्त उपक्रम के जरिये हमारा लक्ष्य अपने उपभोक्ताओं को रुकावटरहित आधुनिक डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म बनाना है।"

# भारतीय मूल के नागरिक को छह साल की कैद

ynu : एक महिला का उत्पीड़न करने के दोषी भारतीय मूल के शख्स को छह साल कैद की सजा सुनाई गई है। लंदन में इज्लेवर्द क्राउन कोर्ट में 35 वर्षीय सरताज भांगल को शुक्रवार को छह साल की सजा सुनाई गई। उसने पूर्व में सुनवाई के दौरान स्वीकार किया था कि उसने हिंसा का डर उत्पन्न करने के लिए हथियार रखा था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस, वेस्ट एरिया कमांड यूनिट के डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल निकोला केरी ने इस मामले की जांच की थी। उन्होंने कहा 'सरताज भांगल ने बिना किसी उकसावे के पीड़ित को करीब पांच साल तक परेशान किया। इसमें वह समय भी शामिल है जब वह कैद में रिमांड पर था। सरताज ने ऐसा क्यों किया, यह पता नहीं है, लेकिन उसकी निर्ममता बढ़ती गई। पीड़ित और उसका परिवार जांच में सहयोग

**यौन उत्पीड़न**



देने के लिए सराहना के पात्र हैं। उम्मीद है कि भांगल के जेल में रहने से उन लोगों को कुछ राहत तो मिलेगी।' पुलिस ने बताया कि भांगल की पीड़ित से पहचान 2013 में सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। उसकी कठोर भाषा की वजह से पीड़ित ने उसे अपने अकाउंट्स से ब्लॉक कर दिया, लेकिन अगले तीन साल तक भांगल किसी न किसी तरह उससे संपर्क करते रहा। 2016 में उसने नौ पन्ने का एक पत्र भेज दिया जिसमें उसने कहा था कि अगर पीड़ित उसकी उपेक्षा करेगी तो वह अपना संतुलन खो देगा। एकतरफा संपर्क के इस सिलसिले ने एक साल बाद नया मोड़ ले लिया जब भांगल पीड़ित को फोन करने लगा। उसने मई 2017 में एक और पत्र पीड़ित के पते पर भेज दिया। तब पीड़ित ने पुलिस में सूचना दी और भांगल को गिरफ्तार किया गया। सुनवाई के इंतजार में रिमांड के दौरान भांगल ने जेल में किसी तरह मोबाइल फोन का इंतजाम कर फिर से पीड़ित को परेशान करना और हिंसा की धमकी देना शुरू कर दिया। इस साल 3 जुलाई को पीड़ित को 80 पन्नों का पत्र मिला। उसकी भाषा अत्यंत आपत्तिजनक और धमकाने वाली थी। पत्र में पीड़ित पर तेजाब फेंकने की धमकी दी गई थी।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

साहिबाबाद : केंद्रीय विद्यालय नंबर–दो हिंडन में स्वच्छ दीवाली, हरित दीवाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने दीवाली पर पटाखे न जलाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। पर्यावरण मंत्रालय से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक सीआर मंगेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि सीआर मंगेश ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पटाखे जलाने से होने वाले प्रदूषण का पर्यावरण व स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है, वहीं आग लगने की घटनाएं व जलने का भय रहता है। यह हर तरह से मानव समाज के लिए नुकसानदायक है। हमें दीवाली के दिन पौधे लगाने की जरूरत है। पर्यावरण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। इसके बिना




मानव जीवन का कोई अस्तित्व नहीं है। अपने आसपास में भी लोगों को पौधे लगाने के लिए जागरूक करें। पेड़–पौधों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। दीवाली खुशियां मनाने व बांटने का त्योहार है। दीवाली पर प्रदूषण फैलाकर हमें प्रकृति पर चोट नहीं करनी चाहिए। इसका दुष्परिणाम भी आने वाले समय में हमें ही भुगतना है। ऐसे में हमें स्वयं भी सचेत रहना होगा और लोगों को भी जागरूक करना होगा। उन्होंने छात्रों को दीवाली पर पर्यावरण को साफ रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में स्कूल के करीब 1700 छात्र–छात्राओं के अलावा अध्यापक भी मौजूद रहे।

# रोहित–धवन की जोड़ी ने सचिन–सहवाग को पीछे छोड़ा

मुंबई : रोहित शर्मा और शिखर धवन की सलामी जोड़ी ने अपने नाम एक और उपलब्धि जोड़ ली है। वे भारत की दूसरी सबसे कामयाब सलामी जोड़ी बन गए हैं। और दुनिया में वह चौथे नंबर पर आ गए हैं। सोमवार को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने सचिन तेंडुलकर और वीरेंदर सहवाग की जोड़ी को पीछे छोड़ा। सहवाग और सचिन ने 2002–2012 के बीच 93 वनडे इंटरनैशनल मैचों में 42.13 की औसत से 3919 रन बनाए। उनके बीच 12 शतकीय और 18 अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। वनडे में सबसे कामयाब सलामी

**भारत–वेस्टइंडीज 2018**



जोड़ी का रेकॉर्ड भी भारतीय जोड़ी के नाम है। सचिन और सौरभ गांगुली की जोड़ी ने 136 वनडे इंटरनैशनल मैचों में 6609 रन जोड़े। सचिन–सौरभ की जोड़ी ने 21 शतकीय और 23 अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। भारत की तीसरी सबसे कामयाब ओपनर्स जोड़ी वीरेंदर सहवाग और गौतम गंभीर है। दोनों ने 38 मैचों में 50.54 के बल्लेबाजी औसत से 1870 रन बनाए हैं।

# दीपावली पर क्या करें, सुबह से लेकर रात तक की जरूरी बातें

ब्रह्म पुराण के अनुसार दिवाली पर अर्धरात्रि के समय महालक्ष्मीजी सद्ग्रहस्थों के घरों में विचरण करती हैं। इस दिन घर–बाहर को साफ–सुथरा कर सजाया–संवारा जाता है। दीपावली मनाने से श्री लक्ष्मीजी प्रसन्न होकर स्थायी रूप से सद्गृहस्थ के घर निवास करती हैं। दीपावली धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा महालक्ष्मी पूजन, गोवर्धन पूजा और भाईदूज–इन 5 पर्वों का मिलन है। मंगल पर्व दीपावली के दिन सुबह से लेकर रात तक क्या करें कि महालक्ष्मी का घर में स्थायी निवास हो जाए.. आइए जानें विस्तार से....

1. प्रातः स्नानादि से निवृत्त हो स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

2 . अब निम्न संकल्प से दिनभर उपवास रहें–

मम सर्वापच्छांतिपूर्वक दीर्घायुष्य बल पुष्टि नैरुज्यादि– सकल शुभ फल प्राप्त्यर्थं

गजतु रग रथ राज्यैश्वर्या दिसकल सम्पदा मुत्तरोत्तराभि वृद्धयर्थं इंद्र कुबेर सहित श्रीलक्ष्मी पूजनं करिष्ये।

3.दिन में पकवान बनाएं या घर सजाएं। बड़ों का आशीर्वाद लें।

4 . सायंकाल पुनः स्नान करें।

5 . लक्ष्मीजी के स्वागत की तैयारी में घर की सफाई करके दीवार को चूने अथवा गेरू से पोतकर लक्ष्मीजी का चित्र बनाएं। (लक्ष्मीजी का चित्र भी लगाया जा सकता है।)

6 . भोजन में स्वादिष्ट व्यंजन, कदली फल, पापड़ तथा अनेक प्रकार की मिठाइयां बनाएं।

7 .लक्ष्मीजी के चित्र के सामने एक चौकी रखकर उस पर मौली बांधें।

8. इस पर गणेशजी की मिट्टी की मूर्ति स्थापित करें।






9. एक छोटा तथा एक चौमुखा दीपक रखकर निम्न मंत्र से लक्ष्मीजी का पूजन करें–

नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरेः प्रिया।

या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्वदर्चनात

साथ ही निम्न मंत्र से इंद्र का ध्यान करें–

ऐरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबलः।

शतयज्ञाधिपो देवस्तमा इंद्राय ते नमः

पश्चात निम्न मंत्र से कुबेर का ध्यान करें–

धनदाय नमस्तुभ्यं निधिपद्माधिपाय च।

भवंतु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादिसम्पदः

10 . फिर गणेशजी को तिलक कर पूजा करें।

11. अब चौकी पर छः चौमुखे व 26 छोटे दीपक रखें।

12.इनमें तेल–बत्ती डालकर जलाएं।

13. फिर जल, मौली, चावल, फल, गुड़, अबीर, गुलाल, धूप आदि से विधिवत पूजन करें।

14. पूजा के बाद एक–एक दीपक घर के कोनों में जलाकर रखें।

15. इस पूजन के पश्चात तिजोरी में गणेशजी तथा लक्ष्मीजी की मूर्ति रखकर विधिवत पूजा करें।

16. इसके लिए एक पाट पर लाल कपड़ा बिछाकर उस पर एक जोड़ी लक्ष्मी तथा गणेशजी की मूर्ति रखें।

17. तत्पश्चात इच्छानुसार घर की बहू–बेटियों को रुपए दें।

18. लक्ष्मी पूजन रात के बारह बजे करने का विशेष महत्व है।

19. समीप ही एक सौ रुपए, सवा सेर चावल, गुड़, चार केले, मूली, हरी ग्वार की फली तथा पांच लड्डू रखकर लक्ष्मी–गणेश का पूजन करें।

20 उन्हें लड्डुओं से भोग लगाएं।

21. दीपकों का काजल सभी स्त्री–पुरुष आंखों में लगाएं।

22. फिर रात्रि जागरण कर गोपाल सहस्रनाम पाठ करें।

23. रात को बारह बजे दीपावली पूजन के उपरान्त चूने या गेरू में रुई भिगोकर चक्की, चूल्हा, सिल तथा छाज (सूप) पर तिलक करें।

24. व्यावसायिक प्रतिष्ठान, गद्दी की भी विधिपूर्वक पूजा करें।

25. दूसरे दिन प्रातःकाल चार बजे उठकर पुराने छाज में कूड़ा रखकर उसे दूर फेंकने के लिए ले जाते समय कहें –लक्ष्मी–लक्ष्मी आओ, दरिद्र–दरिद्र जाओ।





## दीपावली पर कहां–कहां जलाएं दीप? इन 10 जगहों पर रखना ना भूलें दीप..

1.सबसे पहले घर के मंदिर में जहां लक्ष्मी का मुख्य पूजन करें वहां अखंड दीपक जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि यह दीपक रातभर बुझना नहीं चाहिए।

2. धन की कामना पूरी हो, इसके लिए मुख्य दरवाजे के बाहर दोनों तरफ दीपक अवश्य लगाएं।

3. एक दीपक वहां लगाएं जहां पीने के पानी रखा जाता है।

4. घर के तुलसी चौरे में दीपक लगाएं। यहां दीपावली के अलावा भी हर दिन दीपक लगाना चाहिए।

5. पीपल के पेड़ के नीचे दीपक लगाएं। मगर, ध्यान रखें कि दिया लगाने के बाद उसे पीछे मुड़कर देखना नहीं है। यह उपाय दिवाली वाली रात में करना है।

6. घर के आस–पास किसी चौराहे पर दिवाली की रात में दिया जरूर जलाएं। इससे भी पैसों से जुड़ी समस्याएं खत्म हो जाती हैं।

7. घर के आस–पास स्थित मंदिर में भी एक दिया लगाएं। इससे सभी देवी–देवताओं की कृपा मिलती है और क्लेशों से मुक्ति व मानसिक शांति मिलती है।

8. बेलपत्र के पेड़ के नीचे दिया लगाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से आर्थिक के अलावा व्यक्ति के जीवन में आने वाली अन्य तरह की परेशानियां दूर होती हैं।

9. यदि भूत–प्रेत संबंधी परेशानी आ रही हो, तो पितरों के निमित्त श्मशान में एक दीपक जरूर लगाएं।

10. अपने घर की मुंडेर, दहलीज, खिड़की, बाथरूम, छत पर, दरवाजे, पर दीपक लगाने के साथ ही एक दीपक पड़ोसी के घर में भी शुभ शगुन का रखना चाहिए।

## नवोदय विद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू

नवोदय विद्यालय में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जवाहर नवोदय विद्यालय में नौवीं कक्षा में 2019–20 सत्र में दाखिले के लिए होने वाले टेस्ट के लिए नोटिफिकेशन जारी की गई है। एडमिशन टेस्ट के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर 2018 है। आपको बता दें कि नवोदय विद्यालय में पढ़ाई आठवीं तक एकदम मुफ्त होती है और नौवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक छात्रों से केवल 600 रुपए प्रति महीना विद्यालय विकास निधि में जमा करने के लिए मांगे जाते हैं। गरीब छात्रों, एससी, एसटी और गर्ल स्टूडेंट से कोई फीस नहीं ली जाती। जिन छात्रों के माता–पिता सरकारी कर्मचारी होते हैं उनसे हर महीने 1500 रुपए लिए जाते हैं। नौवीं कक्षा में एडमिशन का टेस्ट शनिवार 2 फरवरी 2019 को आयोजित किया जाएगा। यह टेस्ट आपके जिले के किसी नवोदय विद्यालय में आयोजित होगा। इसके रिजल्ट आप एनवीएस की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा चुनें हुए छात्रों को स्पीड पोस्ट और एसएमएस के जरिए भी सूचित किया जाएगा।




### जरूरी योग्यता

–केवल वो ही छात्र आवेदन कर सकते हैं जो 2018–19 में किसी सरकारी स्कूल या सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं और उनके इलाके में नवोदय स्कूल है।

–एडमिशन टेस्ट में बैठने वाले बच्चों की 2018–19 सत्र में आठवीं कक्षा सरकारी स्कूल या सरकार से मान्यता प्राप्त स्कूल में पास होनी चाहिए।

### कैसे करें आवेदन

ऑनलाइन आवेदन खुल चुके हैं और https://www-nvsadmissionclassnine-in/nvs/homepage पर क्लिक करके आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर 2018 है।

**EDITORIAL**

# CBI feud : Supreme Court has taken hold of the situation

**The** Supreme Court has taken hold of the situation. It has done well to order a time-bound and supervised inquiry into the charges against the sidelined CBI Director, Alok Verma. The government had suggested that it took the first step earlier this week to defuse tensions arising from the feud between the two top officers of the agency when it asked Mr. Verma and Special Director Rakesh Asthana to go on leave, and appointed M. Nageswara Rao as its interim chief. This followed an order by the Central Vigilance Commission, accusing Mr. Verma of non-cooperation and divesting him of his powers and functions. However, these measures only deepened the suspicion that the government was interfering in the CBI Director's functioning. The court, while entertaining a writ petition from Mr. Verma questioning the legality of the order divesting him of his powers, has asked the CVC for a quick probe within two weeks into allegations against him contained in a letter sent by the Cabinet Secretary on August 24. Former Supreme Court judge A.K. Patnaik is to supervise the CVC probe. Responding to the government's reservations about such external supervision of the work of a statutory authority, whose primary responsibility is superintendence over the CBI in anti-corruption investigations, the court clarified that it is a one-time exception given the peculiar facts of this case. The court has addressed the possibility that the crisis could be compounded if the interim Director makes any far-reaching decisions on his own. It has asked him to confine himself to routine tasks to keep the agency's work going. A review of Mr. Rao's early decisions transferring key officers is possible: the court has sought the details in a sealed cover.

The court's interim order thus goes beyond calming the air; it works as a safeguard against any further damage to the institution's reputation and credibility during the pendency of the case, and is a means to a quick resolution. It also preserves the legal questions arising from the government's action based on the CVC's order against him. Notice has been issued to the government in both Mr. Verma's petition and another by the NGO 'Common Cause' challenging the order against Mr. Verma. Questions such as whether the CVC's power of superintendence extends to recommending stripping a Director of his powers and functions and whether such a step requires the approval of the committee that appoints the Director are still open for adjudication. Judicial intervention often serves to quieten the mood in a surcharged atmosphere. This is of particular importance here. Reports that four men from the IB were caught by Mr. Verma's security staff on suspicion of mounting surveillance on him cause unease. This is no time for distrust and mutual recrimination. **-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# 31 ration dealers in Noida lose licence for Aadhaar-PDS scam

**NOIDA**: The Gautam Budh Nagar administration has cancelled the licences of 31 ration distributors for alleged involvement in the public distribution system (PDS) scam. The administration has formed a four-member committee to identify new distributors to which the 15,000 affected beneficiaries can be attached. Sources said the recent scam across the state was the first instance of unauthorised Aadhaar cards being used to pilfer ration from the accounts of genuine beneficiaries. District magistrate BN Singh said 20 licences had been cancelled in Noida, seven in Greater Noida and four in Dadri.

# सर्वोच्च न्यायालय की प्रदूषण पर सख्ती

मनीषा भार्गव

स्वच्छ और प्रदूषण रहित पर्यावरण के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने अंततः देश में डेढ़ साल के भीतर वाहन और ईंधन गुणवत्ता को विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में सख्त कदम उठा ही लिया। देश में ईंधन और इंजन गुणवत्ता के हिसाब से चौथे चरण मानदंडों वाले वाहन दौड़ रहे हैं जबकि विकसित देशों ने वे गुणवत्ता मानक अपने देशों में लागू कर दिये हैं, जिन्हें भारतीय मानक बीएस–5 से भी पूरा नहीं किया जा सकता। बीएस–6 का मतलब है यूरो 6 स्टैंडर्ड, जिसे भारत स्टेज–5 नाम दिया गया है। सन् 2000 में सरकार ने इंडिया 2000 नाम से प्रदूषण मानक निर्धारण प्रारंभ किया था, जिसे अगले ही साल 2001 में भारत स्टेज दो नाम से अपग्रेड कर दिया गया। 2005 में बीएस 3 और 2010 में आया बीएस–4। दस साल बाद सीधे आधुनिकतम मानक लागू करने की सोच के साथ सुप्रीमकोर्ट ने एक चरण आगे बढ़कर सीधे बीएस–6 मानदंडों को वाहन निर्माण से ईंधन उपलब्धता तक लागू करने में छूट देने से इनकार कर दिया। अधिकांश मेट्रो व बड़े शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति किसी से छुपी नहीं है। बीएस–6 मानदंड लागू होने के बाद पीएम 2.5 उत्सर्जन में 68 प्रतिशत सुधार की उम्मीद है। दरअसल, दो साल पहले, सुप्रीमकोर्ट ने बीएस–5 मानदंडों को छोड़ने वाहन निर्माताओं को कहा था। उन्होंने एक साल की छूट अवधि मांगी थी। चूंकि ऑटो निर्माता 1 अप्रैल, 2020 तक बीएस–4 श्रेणी के सभी तैयार वाहनों से मुक्ति पाना चाहेंगे, लिहाजा उपभोक्ताओं को सस्ते वाहन खरीदने का एक अवसर भी मिलेगा। 31 मार्च 2020 के पहले सभी नए बीएस–4 वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। सरकार भी इस मुद्दे पर अदालत के समान ही दृढ़ संकल्प दिख रही है। निश्चय ही 2019 में आम चुनावों के बाद जो भी सरकार आएगी, उसे वाहन निर्माताओं या रिफाइनरों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण और ज्यादा मोहलत की मांग व दबाव का सामना करना पड़ेगा। इसका एक ही उपाय है गुणवत्ता सुधार की प्रक्रिया को तेज करना, ताकि आम चुनावों से पहले बीएस–6 गुणवत्ता का रोडमैप आकार ले ले।

# You didn't pay tax: Recorded message drives scam

**NOIDA**: The 31 people arrested so far for running a fake call centre in Noida would send pre-recorded messages to random American citizens, saying they had defaulted on tax payments and would be arrested if they did not pay up soon. The accused would ask the victims to transfer the money into specified bank accounts and then go incommunicado. The 31 people were arrested on Thursday from a building in Noida Sector 63 where they used to run the fake call centre. Thursday's was the fifth such sham centre to have been busted in the past 20 days in the city. Police have identified the main accused as



Abhishek and Rajendra. Both of them are from Ahmedabad in Gujarat and had earlier operated fake call centres in the western state. No sooner did they come under the police radar, they fled Gujarat and came to Noida four months ago. "The accused would randomly call up American citizens and send pre-recorded messages, saying that they were tax defaulters. They would claim to be from the American revenue service and the message would state that if the defaulters didn't want an arrest warrant to be issued against them, they should comply with the procedure as stated," said Ashok Kumar Singh, SP (crime). Police said the accused would also send across fake emails and ask the victims to transfer the money in specified bank accounts. They were well-versed with US taxation laws and would ensure anyone who joined the gang would know the rules by heart. "The prime accused have been working here for the past three months. Before that, they were carrying out similar fraud in Ahmedabad. When they were close to being nabbed in Gujarat, they fled to Delhi-NCR.

# Cut near Kalindi Kunj closed to prevent wrong-side driving

**NOIDA:** The traffic police have closed a 30-metre cut connecting two carriageways on the Mahamaya-Kalindi Kunj route to curb wrong-side driving and subsequent congestion. The stretch witnessed regular congestion during rush hour due to commuters entering from the wrong side and merging with the traffic flow. The menace was all the more because of two-wheeler drivers. "Some commuters tend to climb the Mahamaya flyover from the loop joining the Noida-Greater Noida Expressway with the flyover. The loop is made for exiting the flyover but commuters, especially two-wheelers, continue driving on the wrong side from that loop to on the carriageway of the Mahamaya-Kalindi Kunj route linking Noida with Delhi. In order to avoid driving on the busy Noida-Delhi stretch, these commuters drive on the wrong side on the Delhi-Noida carriageway for about about 100 metres and later cross over to the other carriageway to join the traffic moving from Noida towards Delhi," a senior traffic police officer said. This, he said, not only aggravates congestion on the busy Mahamaya-Kalindi Kunj route but also increases chances of accidents. "The cut was closed on Friday afternoon so that wrong-side drivers don't get an escape route," SP (traffic) Anil Jha said. The cut between the two carriageways is bang opposite the gate of the Okhla bird sanctuary. In another diversion, which will be in affect from Sunday, the traffic police will close the Labour Chowk T-point. The diversion will prevent commuters travelling directly from Sector 57 to enter Sector 62 and JSS T-point and they will instead have to use the cut a few metres ahead on the road towards the NIB police chowki and NH-24.

## 3-month-old Uzbek baby undergoes liver transplant in Noida hospital

**NOIDA**: A three-and-a-half month-old baby from Uzbekistan underwent a successful living donor liver transplant at a private hospital, in a surgical procedure which was rendered complex due to the age of the child. Baby Yusuf, who was suffering from a chronic liver disease, had a tough pre-operative and post-operative period after the surgery was conducted on September 11. Son of an Uzbek taxi driver, the baby had showed symptoms of jaundice before arrival. Uzbeks across the country helped contribute for his expensive treatment. According to doctors, the



worldwide success rate of such paediatric liver transplants in babies so young is about 89%. Born in July 2018 to Murod Dadaev and his wife Feruza Dadaev, Yusuf started showing a yellowish colour in his skin tone and was diagnosed with jaundice within five to six days of his birth. As Yusuf's condition continued to deteriorate, his parents were directed to get an ultrasound done.

## Four passengers killed as bus collides with truck on Yamuna Expressway

**AGRA**: Four persons were killed and 11 others sustained injuries when a tourist bus they were travelling in collided with a truck on Yamuna Expressway in Aligarh on Friday night. According to police, the crash happened around 1 am when the tourist bus was heading for Kanpur from Delhi. The speeding bus hit rear end of the truck when the latter's driver suddenly applied breaks in the middle of the highway. The mishap happened under the jurisdiction of Tappal police station.

## Three get life term for killing cop's son with bricks in 2010

**GHAZIABAD**: Three persons were awarded life term on Thursday for killing an 11-year-old son of a police constable who had rebuked them for moving around aimlessly in a secluded place in 2010. Special judge Beena Chaudhary also imposed a fine of Rs 35,000 on each of the three convicts and ordered that half of the amount be given to the victim's mother as compensation. The trio had invited the constable's son to a birthday party in 2010. They instead took him to a forest area and bludgeoned him to death with bricks. The murder had taken place on the night of December 24, 2010. Four days earlier, head constable Kamlesh Dohare, who was posted at Vijay Nagar police station at that time, had pulled up the three men for roaming around in a secluded area at night. Dohare lived with his wife Usha Rani and two sons Akash and Vikas at Siddharth Vihar in Vijay Nagar. The three accused Sandeep, Sambu and Sudhir, all in their late 30s lived in the neighbourhood. Additional district government counsel Jagmohan Sharma said on Thursday.

## Thefts in stations a concern for NMRC

**NOIDA**: While the Aqua Line is set to be commissioned soon, security of the metro remains a concern with many stations witnessing regular thefts. Officials say thieves have been targeting those metro stations along the Noida-Greater Noida Expressway that have a viaduct relatively lower than other stations. NMRC has deployed ex-servicemen and other guards for metro security but to no avail. Metro officials have now written to the district police chief, demanding patrolling by local police stations, particularly for the stations along the expressway.

## 12% penalty for late payment of house tax in GZB

**GHAZIABAD**: The Ghaziabad Municipal Corporation on Thursday cleared a proposal to impose a penalty of 12% on those defaulting on payment of house tax. The proposal was cleared at the board meeting of the civic body and comes into force with immediate effect. The municipal corporation will however continue to offer rebates on timely payment of the house tax, as is the practice in the city. Officials of the municipal corporation said the penalty on house tax has been introduced as per rules framed by the state government. "The UP Nagar Nigam Adhiniyam of



1959, which governs the functioning of the municipal corporation, contains provisions to impose penalties for late payment of house tax. The corporation has been suffering huge revenue losses because several property owners have been sitting on house tax dues for years altogether. Penalties will act as a deterrent to delays in clearance of house tax. The revenue thus collected can be pumped into various infrastructure works in the city," said additional municipal commissioner Pramod Kumar. The municipal corporation collects house tax from all areas in the city including Indirapuram which is still under the maintenance of Ghaziabad Development Authority. The corporation offers a rebate of 20% to current house tax paid within August of each financial year. The rebate decreases by 5% each subsequent month. Anyone paying current taxes after November is not offered any rebate. According to officials, a 12% penalty will be calculated on all pending house taxes till date even before the current financial year.

## Noida metro to have special radio service

